तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

14 धूल के गुबार से नगरवासी और दुकानदार परेशान

14 15वें वित्त की राशि न मिलने से पंचायतों में विकास कार्य...

खबर संक्षेप

परसदा में गुरु घासीदास जयंती समारोह 18 को

नवापारा-राजिम। सतनामी समाज परसदा के तत्वावधान में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर गुरुवार को रखा गया है। इस कार्यक्रम के

मुख्य अतिथि इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर, अध्यक्षता चंद्रिका-जितेंद्र बंजारे अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, विशेष अतिथि चंद्रकला ध्रुव सभापति जिला पंचायत रायपुर, अति विशिष्ट अतिथि चित्ररेखा तारक सदस्य जनपद पंचायत अभनपुर एवं प्रमुख अतिथि रमेश वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत परसदा व तारिणी साहू उप सरपंच ग्राम पंचायत परसदा होंगे। इस अवसर पर 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सतनाम संदेश भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। वहीं 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना 3 बजे जैतखाम में पालो चढ़ाना एवं 4 बजे पंथी नृत्य चार दल रात्रि 8 बजे मोर देश की माटी सोना बुढेरा खरोरा रायपुर वाले का कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम बारले ने दी।

नगर में भजन संध्या आज

फिंगेश्वर। बाबा श्याम खाटू के भक्ति में नगर के शिवाजी चौक के पास किसान राइस मिल में भजन संध्या का आयोजन 16 दिसंबर को शाम 6.15 बजे होगा। जिसमें भजन प्रवाहक विनय अग्रवाल एवं टीनू शर्मा होंगे। कार्यक्रम में भजन के सुरीले भक्तिमय भाव में हिलोरे लेने के लिए आयोजकों के द्वारा नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर गड्ढे में घुसा, चालक घायल

मैनपुर। मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में सोमवार सुबह 10:30 बजे के आसपास सीमेंट भरकर गरियाबंद की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में घुस गया जिससे चालक को हल्की चोट आई है।

समस्या : घटिया निर्माण के कारण उखड़ने लगी सड़क की परते

1.25 करोड़ की धुरवापारा-मगररोड़ा सड़क दो साल में जर्जर, आए दिन हो रही हैं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के ओड़िशा सीमा से लगे धुरवापारा मगररोड़ा सड़क समय से पहले ही उखड़ गई। इलाके में सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी किसी से नहीं छुपी रही 02 किमी इस पक्की सड़क 1.25 करोड़ रुपए की लागत से मार्च 2023 में बनकर तैयार हुई थी और अगस्त में पहली बारिश के बाद से ही सड़क की परते उखड़ने लगी। एक साल की बारिश के बाद सड़क के अलग -अलग हिस्सो में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढे ऐसे कि दोपहिया सवार लोगों को संभलकर चलना पड़ रहा है। नए राहगीर और तेजी से बाइक चलाने वाले इस मार्ग पर आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के समय बेसवर्क के काम में मापदंड का पालन नही किया गया वायब्रो रोलर चलाने के अलावा बेसवर्क में क्यूरीग और जीएसबी वर्क में गुणवत्तायुक्त मुरम के बजाय घटिया मटेरियल का इस्तेमाल हुआ है जिसके चलते समय से पहले सड़क उखड़ने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

मरम्मत करवाएंगे

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया की यह सड़क 2023 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण किया गया था ओड़िशा बार्डर को जोड़ने वाली इस सड़क में अधिक क्षमता के वाहन चलने के कारण समय से पहले सड़क जर्जर हुई है जल्द ही मरम्मत कार्य करवाया जायेगा।

ग्रामीणों में उबाल, कार्रवाई की मांग

सड़क निर्माण में भारी अनियमितता के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ठेका कंपनी और विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई एवं तत्काल मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सवा करोड़ खर्च कर बनाई गई सड़क दो साल भी नहीं टिक सकी, जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना चाहिए।

सड़क निर्माण की जॉच हो : विधायक

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की घटिया सड़क निर्माण की जॉच किया जाना चाहिए और संबंधित निर्माण एजेंसी के साथ ही जिम्मेदारों पर कार्यवाही किया जाना चाहिए। तत्काल सड़क मरम्मत कार्य करवाया जाए आने -जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है।

अधिक क्षमता वाले वाहनों के कारण सड़क जर्जर

12 टन क्षमता वाली इस सड़क पर 30 टन से अधिक वजनी वाहनों के गुजरने को विभाग सड़कों की खराब स्थिति का कारण बता रहा है। लेकिन सवाल यह है कि दो साल में ही सड़क जर्जर कैसे हो गई? अब तक विभाग या ठेका कंपनी ने मरम्मत की कोई पहल नहीं की, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ रही है।

लोहारसी धान खरीदी केंद्र में अनियमितता, प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

लोहारसी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर किसानों के प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर बीएस उईके के सख्त निर्देश पर लोहारसी उपार्जन केंद्र में की गई जांच के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए खरीदी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है, जबकि समिति के प्राधिकृत अधिकारी को पद से हटा दिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई थी। कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार राजिम द्वारा लोहारसी धान उपार्जन केंद्र की जांच की गई, जहां कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर बीएस उईके के निर्देशानुसार ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोहारसी के प्राधिकृत अधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। वहीं, धान खरीदी प्रभारी को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया गया कि शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद धान खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही और नियमों की अनदेखी की जा रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के अन्य उपार्जन केंद्रों में भी हड़कंप मच गया है। वहीं, किसानों ने हरिभूमि में मामला सामने आने के बाद की गई कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे धान खरीदी शासन के नियमों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से की जाएगी।

हंगामे के चलते खरीदी घंटों तक बाधित रही

लोहारसी उपार्जन केंद्र में अतिरिक्त तौल के विरोध में किसानों का हंगामा

44 लाख से अधिक का धान जब्त

मैनपुर। पुलिस द्वारा दीगर राज्य से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध विगत एक माह, 06 दिवस में 1423.05 क्विंटल कीमती 44 लाख 11 हजार 455 रूपये का अवैध धान किया गया,जप्त। आज 15 दिसम्बर को थाना देवभोग के द्वारा 120 कट्टा (28.0) क्विंटल कीमती 01 लाख 48 हजार 800 सौ रूपये का अवैध धान को जब्त किया गया। विगत एक माह, 06 दिवस से लगातार विशेष अभियान चला कर 32 चार पहिया वाहन एवं 04 लावारिस इस प्रकार कुल 36 प्रकरणों में अवैध परिवहन एवं बिक्री करते 3247 कट्टा धान को जप्त कर संबंधित विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए सुपुर्द किया गया। अब तक धान की अवैध परिवहन एवं बिक्री का 1423.05 क्विंटल कीमती 44 लाख 11 हजार 455 सौ रूपये का धान जब्त। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष दिशा–निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किए जाने के लिए प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 15.12.2025 को मुखबीर से थाना देवभोग को सूचना मिला कि दो बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओ.डी.-08-8387 एवं बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सीजी.10-ए.एन-4311 में अवैध रूप से धान भर कर मगररोड़ा रोड़ (उड़ीसा) के रास्ते अवैध धान भर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना देवभोग से पुलिस स्टाफ रवाना कर घटना स्थल से बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओ.डी.–08–8387 एवं बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सीजी.10–ए.एन–4311 में 60–60 कुल 120 कट्टा (48 क्विंटल) कीमती 01 लाख 48 हजार 800 सौ रूपये का अवैध धान को परिवहन करत पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के पुलिस द्वारा जप्त किया कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार विगत एक माह, 06 दिवस से लगातार विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर, थाना छुरा के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग–अलग कुल 36 प्रकरणों में 3247 कट्टा 1423.05 क्विंटल अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

बेटे ने हंसिए से वार कर पिता की ली जान

नवापारा-राजिम। एक घरू विवाद और मामूली कहासुनी ने मिनटों में ही हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान आव देखा न ताव और आवेश में आकर बेटे ने अपने पिता पर हंसिए से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल पिता को इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार नवापारा वार्ड क्रमांक 4 दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी संतोष साहू 42 वर्ष का अपने बेटे राहुल साहू 21 वर्ष से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि संतोष साहू शराब पीने का आदी था और उसने अपने बेटे से शराब के लिए पैसे मांगे थे। पैसे देने से मना करने पर संतोष साहू ने गुस्से में आकर राहुल द्वारा खरीदी गई मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर दी। इसी बात को लेकर दोनों पिता-पुत्र के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान राहुल साहू ने आवेश में आकर घर में रखे हंसिए से अपने पिता पर हमला कर दिया। हमले में संतोष साहू के पेट, पीठ और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। अचानक हुई इस वारदात से आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से घायल संतोष साहू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेकाहारा रेफर किया गया। इलाज के दौरान संतोष साहू ने दम तोड़ दिया। मामले में नवापारा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पुत्र राहुल साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना से मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवाड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

कौन्दकेरा में भागवत कथा जारी, पं. शर्मा ने सुनाई भक्त प्रह्लाद व ध्रुव की कथा

भक्ति से होती है भगवान की प्राप्ति : पं. भीमप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम कौन्दकेरा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार श्रोताओं को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव मिला। प्रवचनकर्ता पं. भीमप्रसाद शर्मा ने भक्त प्रह्लाद और ध्रुव की कथा का वर्णन किया, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

पं. शर्मा ने बताया कि भक्त प्रहलाद का जन्म असुरकुल में हुआ था। उनके पिता हिरण्यकश्यप और चाचा रिण्याक्ष भगवान विष्णु के प्रति शत्रुता का भाव रखते थे। इसके विपरीत प्रहलाद विष्णु भगवान के परम भक्त थे। इससे नाराज होकर उनके पिता ने उनकी हत्या करने की चेष्टा की, जिसे भगवान ने विफल कर हिरण्यकश्यप का वध कर दिया। कथा में वामन अवतार व होलिका दहन का प्रसंग भी सुनाया गया। उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव को अपने जीवन में कठिन

परीक्षाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने भगवान का नाम कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ईश्वर प्राप्ति में आयु कोई बाधा नहीं है, जिसका प्रमाण है कि बाल भक्त ध्रुव को अल्पायु में ही भगवान के दर्शन प्राप्त हुए। पं. शर्मा ने परमात्मा प्राप्ति के दो मार्ग बताए- सद्मार्ग, जिसे भक्त प्रह्लाद ने अपनाया और असद मार्ग, जिससे हिरण्यकश्यप को मोक्ष मिला। उन्होंने श्रोताओं को समझाया कि जीवन की वास्तविकता को समझते हुए हर पल सत्कर्म और भगवान का भजन करना चाहिए। इस मौके पर बृज लाल, शांतू लाल साहू, मनोज साहू, परशु राम, हेमू साहू, समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

प्रतिक्षा कक्ष

प्रतिक्षा कक्ष

परामर्श कक्ष

पूजा स्थान

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान

पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

खबर संक्षेप

नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

नवापारा-राजिम। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने बधाई दी है। श्री बजाज ने कहा कि श्री नबीन छत्तीसगढ़ प्रभारी के नाते यहां की राजनीति से पूरी तरह वाकिफ है। वे छत्तीसगढ़ की आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं को भलीभांति समझते हैं। यहां के कार्यकर्ताओं से वे व्यक्तिगत रूप से परिचित भी है। उनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने से छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

राजिम में सतनाम संदेश शोभायात्रा आज

राजिम। परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती के पूर्व सतनाम संदेश शोभायात्रा 16 दिसम्बर दिन मंगलवार /"संत बाबा खुबलाल टण्डन के सानिध्य में सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र-राजिम में आयोजित है। यह जानकारी देते हुए समाज के वरिष्ठ भागचंद चतुर्वेदी ने

बताया कि यह कार्यक्रम फॉरेस्ट नाका के समीप गुरु घासीदास मंदिर में दोपहर 1 बजे होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल होंगे। अध्यक्षता सतनामी समाज के जिला संयोजक डॉ. आनंद मतावले गुरूजी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, नंदनी-कोमल ढीढी सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद, नंदनी-ओंकार साहू, सभापति जिला पंचायत ,इन्द्रजीत महाड़िक सदस्य जिला पंचायत, तुलेश्वर घृतलहरे अध्यक्ष सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम,समारू कोसले अध्यक्ष सत. समाज तह. परिक्षेत्र-छुरा,कुलेश्वर सोनवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा,राकेश माण्ड्रे कार्यकारी अध्यक्ष सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, मुन्ना कुर्रे संयोजक, सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, मधुबाला रात्रे पूर्व सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, चतुर मण्डल संरक्षक सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, गोपचंद बनर्जी संरक्षक, सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, रामविशाल ओगरे संरक्षक, सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, धरमूदास कुर्रे संरक्षक, सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, लक्ष्मीदास सोनवानी संरक्षक सत. समाज तह. परिक्षेत्र-छुरा, ईश्वर रात्रे संरक्षक सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम, सहदेव बंजारे संरक्षक, सत. समाज तह. परिक्षेत्र-राजिम,बेनीराम सोनवानी संरक्षक हैं।

कार पर गिरा सूखा पेड़ का डंगाल

मैनपुर। मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग में आज दोपहर 2 बजे के आसपास नवागढ़ और धवलपुर के बीच सुखा पेड़ के बड़े डंगाल टूटकर अचानक गिरा इसी समय इस मार्ग से गुजर रहे एक कार के सामने हिस्से के कांच में गिरने से कांच चकनचूर हो गया। वहीं कार पलटते -पलटते बचा। कार चालक ओड़िशा धरमगढ़ निवासी महेन्द्र ने बताया कि वे रायपुर से अपने परिवार के साथ घर लौट रहा था कि अचानक कार के सामने सुखा पेड़ के डंगाल गिरने से पूरा कांच टूट गया और वाहन अनियंत्रित हो गया लेकिन सड़क में अन्य वाहन नहीं होने के कारण दुर्घटना से बाल -बाल बचे।

भाटीगढ़ में बालीबॉल प्रतियोगिता 21 को

मैनपुर। पैरी बालीबॉल क्लब मैनपुर द्वारा ग्रामीण स्तरीय एक दिवसीय बालीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसम्बर दिन रविवार को आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार एवं आकर्षक ईनाम बेस्ट अटैकर, बेस्ट सेटर, बेस्ट ब्लॉकर भी रखा गया है। उक्त जानकारी नीरज विश्वकर्मा, प्रदीप ध्रुव, टीकम कश्यप, रविशंकर नेताम ने देते हुए सभी से खेल प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील किया है।

समस्या : गांव की गलियां, सड़कें, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा

15वें वित्त की राशि न मिलने से पंचायतों में विकास कार्य ठप, सरपंचों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पूरा साल निकलने को है, लेकिन अब तक ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि अब तक नहीं मिली है ऐसे में पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं सफाई, रोशनी, सड़क, नाली निर्माण जैसे काम के लिए भी फंड नहीं है इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। पंचायत प्रतिनिधियों ने पिछले दिनों इस मामले को लेकर जिला स्तर पर आंदोलन भी किया लेकिन अब तक ग्राम पंचायतों को राशि नहीं मिलने से गांव के विकास कार्य ठप पड़े हुए है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में राजस्व से आवक काफी कम होती है ग्राम पंचायतों को विकास के लिए शासन का मुंह ताकना पड़ता है केंद्र सरकार से ग्राम पंचायतों को आर्थिक मदद दी जाती है, लेकिन इस बार पंचायत चुनाव से लेकर अब तक 15वें वित्त की राशि ग्राम पंचायतों को नहीं मिली है, जिससे ग्राम पंचायतों में फंड का अभाव है गांव का विकास तो दूर मूलभूत सुविधाओं सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को तरसना पड़ रहा है सबसे ज्यादा परेशानी सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों को झेलनी पड़ रही है। चुनाव जीतकर वे पद पर बैठे हैं, तब से उन्हें कार्यों के लिए फंड नहीं मिला है ऐसे में उनकी साख कमजोर हो रही है। फंड के अभाव में गांव में कुछ भी काम नहीं करवा पा रहे हैं स्थिति यह है कि गांव की गलियां, सड़कें, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही हैं सरपंचों ने बताया कि गांव की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए भी उनके पास फंड नहीं है 15वें वित्त की राशि के लिए वे कई बार आवेदन कर चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला है अब पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश पनपने लगा है।

केंद्र से मिलता है आर्थिक अनुदान

यह राशि केंद्र सरकार से राज्य सरकार को प्रदान की जाती है इसके बाद राज्य सरकार से ग्राम पंचायतों को निर्धारित मापदंडों के अनुपात में वितरित की जाती है इसमें टाइड और अनटाइड फंड अलग-अलग दिया जाता है ताकि गांव का समुचित विकास हो सके लेकिन यह राशि नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों की माली हालत खराब हो गई है पंचायतों में छोटे-मोटे कार्य कराने में भी परेशानियां आ रही हैं कई सरपंच कर्ज लेकर ग्राम पंचायत में विकास कार्य करा रहे हैं। जिले के ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। इस मामले को लेकर 19 नवंबर को जिला मुख्यालय गरियाबंद में रैली निकालकर जिले भर के सरपंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर राशि दिलाने की मांग किया था लेकिन अब तक ग्राम पंचायतों को राशि नहीं मिलने से नलजल, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन मरम्मत, नाली, बिजली जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

उदंती टाइगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ मूसक हिरण तस्वीरें टैप कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल वन्यप्राणियो के लिए काफी सुरक्षित स्थान माना जाता है और यहां अनेक प्रकार के वन्यजीव स्वतंत्र विचरण करते दिखाई देते है उदन्ती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में हिरण प्रजाति में सबसे दुर्लभ माने जाने वाले मूसक हिरण की कई तस्वीर टैप कैमरे में कैद हो चुकी है। बताया जाता है कि यह काफी दुर्लभ प्रजाति के हिरण है इसका उंचाई एक फीट और वजन 03 किलो के आसपास होता है, जंगल में पूर्व में भी मुसक हिरण की तस्वीर कैमरा में कैद हो चुकी है और इसके संरक्षण तथा संवर्धन के लिए कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। भारत में पाए जाने वाले हिरणों की 12 प्रजातियों में माउस डियर विश्व में सबसे छोटे हिरण समूह में से एक है. अतिक्रमण और शिकार की वजह से इंडियन माउस डियर की आबादी पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, कुछ वर्श पहले कांगेर वैली नेशनल पार्क में भी इस दुर्लभ माउस डियर की तस्वीर कैमरा में कैद हुई थी। जानकारी अनुसार यह देश भर में हिरण प्रजाति का सबसे छोटा प्रजाति है, वन्य प्राणि अधिनियम 1972 में मूसकहिरण को अति दूर्लभ वन्य प्राणी का दर्जा दीया गया है। अधिकतम 23 इंच लंबे और 15 इंच उंचे इस जीव की प्रवृत्ति रात्रि विचरण करने की होती है,अन्य हिरणो की तरह झूंड में रहने के बजाए यह अकेले ही सुरक्षित एवं एकांत वातारण में विचरण करता है, शीत ऋतु में प्रजनन काल होता है, अधिकत दो बच्चे एक साथ जन्म देता है।

श्री राधाकृष्ण मंदिर में 9 दिवसीय धार्मिक आयोजन, 11 बेटियों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर में 21 दिसम्बर से 1 जनवरी तक होने जा रहा 9 दिवसीय कार्यक्रम के लिए सर्व समाज एवं गणमान्य नागरिको की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें श्री राधाकृष्ण मंदिर के ट्रस्टी गोपाल, गिरधारी, प्रणय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, किशन सांखला ,गोविंद राजपाल, सुमित पंजवानी, मनहरण शर्मा, साहू समाज अध्यक्ष रमेश साहू,रविशंकर साहू, सुरेंद्र साहू, कोमल साहू, डिगेंद्र साहू, किशन सारडा, सुरेश, दिपेश काबरा, नंदकिशोर राठी, हेमू यादव, दिलीप यादव, निषाद समाज लटर्रापारा अध्यक्ष पन्नालाल निषाद, भुवनेश्वर ,कृष्णा निषाद, राजेश सोनकर, संतुराम सेन, गोविंदा कंसारी, बिसेसर हिरवानी, रूपेंद्र चन्द्राकर, राजेश पटेल आदि मौजूद थे। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने एक स्वर में कहा कि ये हमारे नगर का आयोजन है, बेटियों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को एकजुट होकर सफल बनाएंगे। बता दें कि इस 9 दिवसीय आयोजन में कलश यात्रा से लेकर श्रीराम कथा, 11 बेटियों का सामूहिक आदर्श विवाह एवं 1 जनवरी नववर्ष पर विशाल हनुमान चालीसा महापाठ होगा। समाजसेवी राजू काबरा ने इस अवसर पर सुझाव एवं सबका सहयोग मांगते हुए कहा कि राम हमारे छत्तीसगढ़ के भांजे है। उन्ही की कथा सुनाने अयोध्या से प्रशांत जी महाराज 20 दिसम्बर को पधार रहे है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हर वार्ड, मोहल्ले एवं गांवों में बैठक ली जा रही है। बताया कि कलश यात्रा और 22 बैलगाड़ियों से निकाले जाने वाली दुल्हा-दुल्हन की बारात प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगा। बारात को पूरा शहर में घुमाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर शहर में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। सारे लोग श्री सालासार सुंदरकांड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति की तारीफ कर रहे है। यह आयोजन हर साल यहां होता है।

विवादित भूमि पर नगर पंचायत कोपरा ने फिर शुरू किया अटल परिसर निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा में अटल परिसर निर्माण को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष के अड़ियल रवैये के चलते पूर्व में लगाई गई रोक के बावजूद विवादित भूमि पर अटल परिसर का निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर नगर में असंतोष का माहौल है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में नगर पंचायत कोपरा द्वारा अटल परिसर का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन जिस भूमि पर निर्माण कार्य हो रहा है, उसे लेकर लगातार आपत्तियां सामने आ रही हैं। नगर के नरेश निषाद ने एसडीएम राजिम को आवेदन सौंपकर निर्माण कार्य पर कड़ा ऐतराज जताया है। आवेदन में नरेश निषाद ने बताया कि उनके निजी भूमि खसरा नंबर 4404 रकबा 0.05 के ठीक सामने अटल परिसर का निर्माण कराया जा रहा है, जो उनकी निजी भूमि से सटा हुआ है। निर्माण स्थल के बीच में सार्वजनिक जलस्रोत हैंडपंप स्थापित है, जबकि शासन के नियमों के अनुसार किसी भी जलस्रोत के ऊपर या उसके आसपास निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। इसके अलावा निर्माण स्थल अत्यंत संकरा है, जो आवागमन मार्ग से लगा हुआ है। इसी परिसर में सरस्वती शिशु मंदिर का मूत्रालय भी स्थित है, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों एवं आमजन को परेशानी होने की आशंका जताई गई है।

असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

नरेश निषाद ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में इस निर्माण कार्य को लेकर शिकायत की गई थी, जिस पर प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद नगर पंचायत कोपरा ने बिना विवाद का निराकरण किए एक बार फिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। बताया जा रहा है कि अटल परिसर का भूमिपूजन जिस स्थान पर किया गया था, उस स्थान को दरकिनार कर निर्माण कार्य किसी अन्य जगह पर प्रारंभ कर दिया गया। पूर्व में प्रकाशित खबरों में यह भी सामने आया था कि जिस स्थान पर निर्माण कार्य चल रहा है, वहां शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी अंदरूनी असंतोष बताया जा रहा है। हालांकि वे खुलकर नगर पंचायत अध्यक्ष के विरोध में सामने नहीं आ रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान नेता के नाम पर बनने वाले अटल परिसर को वह सम्मान नहीं मिल रहा, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि अटल परिसर का निर्माण नगर के किसी मुख्य चौक-चौराहे या प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर होना चाहिए था। फिलहाल विवादित भूमि पर निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। एसडीएम राजिम कार्यालय में नया आवेदन पहुंचने के बाद अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि इस विवादित निर्माण कार्य को लेकर आगे क्या निर्णय लिया जाता है।

पदोन्नति पर किया न्योता भोज

राजिम। भैंसातरा स्कूल से बिजली स्कूल में पदोन्नत हुए प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने इस उपलक्ष्य में अपने पूर्व पदस्थ भैंसातरा में न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के अलावा खीर, पूड़ी, जलेबी, केला, संतरा परोसा गया। प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण-आहार मिल सके। जो व्यक्ति विद्यार्थियों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन,विवाह और राष्ट्रीय पर्व पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे। रूपलाल साहू प्रभारी प्रधानपाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अलावा बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन कराना है जो बच्चों में समानता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर प्राचार्य एम एल कंवर ,नोहर निषाद ,व्याख्याता पूरन साहू, आत्माराम साहू, नेमूराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, किशोर निर्मलकर, बलराम साहू, दीनदयाल साहू, रेखू साहू, रामकुमार साहू, अध्यक्ष शा वि स टीकम साहू, डिगेश्वर साहू, युवराज श्रीवास व छात्र - छात्राएं शामिल थे।

धूल के गुबार से नगरवासी और दुकानदार परेशान

मैनपुर। इन दिनों सड़क में धूल के गुब्बार के कारण नगर के लोगो का हाल बेहाल है, मुख्य मार्ग में बड़े वाहनों के गुजरते ही धूल ही धूल नजर आता है और धूल से लोग परेशान हो रहे है खासकर सड़क किनारे दुकानदार बेहद परेशान है सुबह से शाम तक वे दुकानों से धूल साफ करते दिखाई देते है, मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे में बडे वाहनों के गुजरते ही चारो तरफ धूल ही धूल से लोग परेशान हो रहे हैं। सड़कों में उड रही धूल से मुसीबत बड गई है। वाहन के पीछे चलते वाले बाईक सवारों को सबसे ज्यादा इस मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है इससे लोगों के सेहत पर भी असर पड़ रहा है। धूल के इनफ्केशन के चलते लोंगों में सांस की तकलीफे बढ़ रही है। नेशनल हाईवे मार्ग के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गो में तो और बुराहाल है, बढे वाहनों के गुजरते ही धूल के गुब्बार में सड़क नजर नहीं आता। नगर में धूल से दुकानदार सबसे ज्यादा परेशान है। दुकानदारों ने बताया कि धूल के कारण समान खराब हो रहे हैं लोग धूल से बचने स्कार्फ बांधकर बाईक चलाने मजबूर हो रहे है।

पंचायत बारुला में मितानिनों को साड़ी भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बारुला में स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाने वाली मितानिनों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत बारुला के सरपंच सुकदेव राम साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, पंच सुनील कुमार निर्मलकर, कमला साहू, उमा साहू, दुर्गा साहू एवं चंद्रिका मार्कण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व जनपद सदस्य आशा राम साहू, पंचायत सचिव गोपेश सेन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मितानिन सोहदरा साहू, हूमन साहू एवं सरस्वती निर्मलकर को उनके सेवा भाव और स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने मितानिनों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने भी मितानिनों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया।

आईटीएस महाविद्यालय में वार्षिक खेलोत्सव का शुभारंभ

शिक्षा समाज का है दर्पण : नवरत्ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्थानीय शिक्षण संस्था आईटीएस महाविद्यालय में सोमवार से वार्षिक खेलोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। खेलोत्सव की शुरुआत 15 दिसंबर 2025 से की गई, जिसमें महाविद्यालय से संबद्ध विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस खेलोत्सव में इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेस, नर्सिंग विभाग, प्रेरणा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जूनियर कॉलेज (कक्षा नवमीं से बारहवीं, हिंदी माध्यम) तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम, लंबी कूद, शतरंज, रंगोली, मेहंदी, लूडो सहित कुल 30 से अधिक खेल एवं सांस्कृतिक विधाओं को शामिल किया गया है। खेलोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि यू.एस. नवरत्ने (मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पताल गरियाबंद) तथा विशेष अतिथि रविंद्र सिंह ठाकुर (जिला परिवहन अधिकारी, गरियाबंद) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरदारी लाल गुप्ता (संस्थापक), राजीव गुप्ता (अध्यक्ष), मोना गुप्ता (सचिव) एवं बीपी वर्मा (निदेशक) भी विशिष्ट रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र तिवारी ने की।

खेल हो या जीवन, आगे बढ़ने के लिए अनुशासन जरुरी- कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, भव्य मार्चपास्ट, करतल ध्वनि, दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और खेल भावना का वातावरण निर्मित हुआ। मुख्य अतिथि यू.एस. नवरत्ने ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है, लेकिन शिक्षा के साथ-साथ संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जीवन में खेलों के महत्व, योग, व्यायाम तथा वर्तमान खान-पान से मानव शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी अपने विचार रखे। विशेष अतिथि रविंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल हो या जीवन, आगे बढ़ने के लिए अनुशासन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आदिवासी अंचल में शिक्षा के विकास के लिए महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बताया। साप्ताहिक खेलोत्सव 2025 में हजारों छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।